# कैंपस में रैगिंग पर पूरी तरह लगाम



सुजानपुर। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतिम दिन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विभा ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक डा. दिव्या शर्मा ने विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। सुजानपुर टीहरा पुलिस थाना के अन्वेषण अधिकारी अनिल गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में पियूष रांगड़ा ने प्रथम, निम्मी ने द्वितीय तथा राहुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मोहित कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के डा. सुमन, प्रो. प्रमोद, डा. सपना, प्रो. राजेश खारवाल, प्रो. वंदना, प्रो. निर्मला, प्रो. उमा शर्मा, डा. राजीव भंडारी, प्रो. अरविंद (वनस्पति विज्ञान), प्रो. राजीव, प्रो. अरविंद, प्रो. शशि, प्रो. रोहित, प्रो. मितुल, प्रो. साहिल, प्रो. आशु, प्रो. रूबी, प्रो. आरती, प्रो. अंजू, प्रो. वनीता तथा प्रो. नीना सहित अन्य प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सुजानपुर कॉलेज में एंटी रैगिंग सप्ताह के समापन पर जागरूकता कार्यक्रम



**सवेरा न्यूज/संवाददाता सुजानपुर:** स्थानीय राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतिम दिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षित, सम्मानजनक और सौहार्दपूर्ण वातावरण उपलब्ध करवाना महाविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आपसी सम्मान और सहयोग की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिव्या शर्मा ने रैगिंग के मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए विद्यार्थियों से किसी भी घटना की जानकारी बिना भय के प्रशासन को देने की अपील की। सुजानपुर पुलिस थाना के अन्वेषण अधिकारी अनिल गर्ग ने कहा कि रैगिंग किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और विद्यार्थियों को कानून व अनुशासन का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं हुईं। स्लोगन में पियूष रंगड़ा प्रथम, निम्मी द्वितीय और राहुल तृतीय रहे। पोस्टर में मोहित कुमार प्रथम, पियूष रंगड़ा द्वितीय और अनन्या तृतीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रैगिंग के खिलाफ जागरूक किया।